**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**06.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर वेबिनार को करेंगे संबोधित।
- कविन्द्र गुप्ता बनाए गए हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल, शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना की जिम्मेदारी सौंपी गई।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान कर रहा शुरू–जन जागरूकता बढ़ाना अभियान का उद्देश्य।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंडी जिला के एक दिवसीय दौरे पर–नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की करेंगे शुरूआत।
- आकांक्षी जिला चंबा में विशेष राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से अब तक 8 सौ 83 राजस्व मामलों का किया जा चुका है समाधान।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री–कृषि वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह वीडियो काफ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख सेक्टर– कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्यपालन और ग्रामीण आजीविका पर विचार–विमर्श होगा। बजट पश्चात वेबिनार में उच्च मूल्य के कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इसके लिए काजू, नारियल, चंदन, अगरवुड, बादाम, अखरोट और चिलगोजे की आर्थिक रूप से अधिक लाभकारी खेती पर विचार होगा। वेबिनार में एआई सक्षम कृषि डिजिटल बुनियादी ढांचा– भारत विस्तार से उपलब्ध अवसरों पर भी चर्चा होगी।

**राज्यपाल नियुक्ति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपाल नियुक्त किए। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है जबकि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि शिव प्रताप शुक्ल करीब तीन वर्ष तक हिमाचल के राज्यपाल रहे। उन्होंने 18 फरवरी 2023 को हिमाचल प्रदेश के 29वें राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था।

**वीबीजी राम जी अभियान**

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का लक्ष्य युवाओं को इस पहल के केंद्र में रखकर प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके। अभियान के अंतर्गत, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की शार्ट वीडियो, रील या एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता ''60 सेकंड फॉर माई विलेज'' भी आज से शुरू की जा रही है। विजेताओं का चयन रचनात्मकता, मौलिकता, तकनीकी गुणवत्ता और विषय प्रासंगिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रतियोगी माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंडी जिला के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री कई विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी करेंगे।

**लोक अदालतें**

आकांक्षी जिला चंबा में लोगों के राजस्वी कार्यों को निपटाने के उद्देश्य से विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक चम्बा जिला में 8 सौ 83 राजस्व मामलों का समाधान किया जा चुका है। इनमें 215 तकसीम, 3 सौ 74 सीमांकन और 2 सौ 94 राजस्व अभिलेख दुरुस्ती से संबंधित मामले शामिल हैं। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने लंबित मामलों के त्वरित समाधान हेतु

उपमंडल दंडाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को प्रति सप्ताह लक्ष्य के अनुरूप मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता.....

––डिस्पैच––

जिला चम्बा में छह माह तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित पड़े सभी राजस्व मामलों का समाधान 31 मार्च तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस विशेष अभियान अवधि के दौरान पुराने एवं लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस राजस्व कार्यों की उपायुक्त द्वारा नियमित समीक्षा की जाएगी और प्रगति की निगरानी व्यक्तिगत स्तर पर की जाएगी। इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व मामलों के निस्तारण के उपरांत संबंधित डाटा को राजस्व प्रबंधन प्रणाली में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए।

आकाशवाणी के लिए चम्बा से मैं विकास ठाकुर

**नामांकन जांच**

कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने कल प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी और 9 मार्च को नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि है, जबकि मतदान की तारीख 16 मार्च को निर्धारित है। गौरतलब है कि प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है और इस सीट को भरने के लिए ये चुनाव करवाया जा रहा है। विपक्षी दल भाजपा ने इस बार राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है और ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा का चयन तय माना जा रहा है।

**राऊलाने पर्व**

जनजातीय जिला किन्नौर के ऐतिहासिक गांव कल्पा में आज से पांच दिन तक चलने वाला पारंपरिक राऊलाने पर्व शुरू रहा है। यह पर्व हर वर्ष साऊनी यानि परियों को प्रसन्न करने की मान्यता के साथ मनाया जाता है। इस पर्व का मुख्य आकर्षण पुरुष व स्त्रियों की पारम्परिक वेशभूषा धारण कर किन्नौरी आभूषणों से सुसज्जित होकर पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर नृत्य करते हैं। इसके साथ ही कुछ पात्र मुखौटे पहनकर लोगों का मनोरंजन भी करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ये बेहरूपिये बुरी शक्तियों को दूर रखते हैं और गांव की रक्षा करते हैं। राऊलाने पर्व का मुख्य उद्देश्य गांव में सुख–समृद्धि, शांति और धन–धान्य की कामना करना है। इस पर्व को देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ–साथ काफी संख्या में पर्यटक भी कल्पा पहुंचे हैं। पर्व के सफल आयोजन और इसे सुचारु रूप से मनाने के लिए प्रशासन द्वारा भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर वर्ष यह पर्व क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत करता है।

**प्रशिक्षण कोर्स**

साहसिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध कुल्लू जिला के पिरडी स्थित राफ्टिंग केंद्र में 14 दिवसीय बेसिक राफ्टिंग गाइड कोर्स तथा इंटरमीडिएट कयाकिंग कोर्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल 65 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। इस दौरान प्रशिक्षुओं को जल क्रीड़ा से जुड़ी विभिन्न तकनीकों के साथ–साथ नदी में सुरक्षा और रेस्क्यू ऑपरेशन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

––डिस्पैच–आशीष––

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने राज्यसभा सीट से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **प्रदेश से एकमात्र नामांकन, अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में दाखिल किया पर्चा।** दैनिक जागरण के अनुसार **कांग्रेस के अनुराग ने सभी को चौंकाया। राज्यसभा का टिकट न मिलने पर छलका आनंद शर्मा का दर्द** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **सच बोलना अब राजनीतिक अपराध बन गया है।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **डिजास्टर एक्ट हटा, पंचायत व निकाय चुनाव का रास्ता साफ।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है **कांगड़ा, सोलन और मंडी का पारा 30 पार–9 मार्च से करवट लेगा मौसम।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर वेबिनार को करेंगे संबोधित।
- कविन्द्र गुप्ता बनाए गए हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल, शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना की जिम्मेदारी सौंपी गई।

- ग्रामीण विकास मंत्रालय आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान कर रहा शुरू–जन जागरूकता बढ़ाना अभियान का उद्देश्य।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंडी जिला के एक दिवसीय दौरे पर–नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की करेंगे शुरूआत।

  और

- आकांक्षी जिला चंबा में विशेष राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से अब तक 8 सौ 83 राजस्व मामलों का किया जा चुका है समाधान।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 00 बजे नमस्कार।**